Need to expedite implementation of Bagbera Water Supply Project under Jal Jeevan Mission in Jharkhand-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मैं झारखंड की बाघबेड़ा (Bagbera) जलापूर्ति योजना की लंबे समय से लंबित स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । वर्ष 2014?2019 के दौरान केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से बाघबेड़ा और गोविंदपुर जलापूर्ति योजनाएँ शुरू की गई थीं, जिनमें गोविंदपुर योजना पूरी हो चुकी है, परंतु बाघबेड़ा योजना का लगभग 40% कार्य आज भी अधूरा है । साथ ही, जल जीवन मिशन के अंतर्गत झारखंड में पाइपलाइन बिछाने, पंप हाउस निर्माण और जलापूर्ति परीक्षण जैसे कार्य कई महीनों से रुके हुए हैं । पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अब भी पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे हैं । झारखंड के लाखों ग्रामीण परिवार स्वच्छ पेयजल की प्रतीक्षा में हैं । अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जल जीवन मिशन और बाघबेड़ा जलापूर्ति योजना की प्रगति को तेज किया जाए तथा यदि कोई वित्तीय सहायता लंबित हो तो उसे तुरंत जारी किया जाए, ताकि योजनाएँ समयबद्ध रूप से पूरी होकर जनता को राहत मिल सके ।